**Date: September 07th, 2024**

**To**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai -400 001**

**Scrip Code: 531156**
**Trading Symbol: ALFAVIO**

**Subject: Newspaper Advertisement-Disclosure under Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

**Dear Sir/Madam**,

Pursuant to Regulations 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the newspaper advertisement for the notice of 30th Annual General Meeting of the Company to be held on 30th of September, 2024, published on 7th of September, 2024 in the newspaper "Global Herald." The aforesaid advertisements are also available on the website of the Company. (www.alfavisionoverseasindia.com).

This is for your information and record.

**Thanking You,**
**Yours Faithfully**

**For Alfavision Overseas (India) Limited**

DEVI DAYAL
Digitally signed by DEVI DAYAL
Date: 2024.09.07 11:58:16 +05'30'

**Devi Dayal**
**Company Secretary**
**& Compliance Officer**

# यात्रियों से भरी बस में बदमाशों ने की लूट, मासूम बच्ची के हाथ से 50 रूपए भी छीनकर ले गए

**छतरपुर ■**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से गुजर रही यात्री बस में लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश बस रुकवाकर उसमें चढ़े और कट्टे की नोक पर बस में सवार यात्रियों से मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात और नगदी लूट लिए। मामले में हैरानी की बात ये है कि बदमाशों ने बस में मां के साथ यात्रा कर रही एक मजह डेढ़ साल की बच्ची के हाथ में रखे 50 रूपए भी छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




बस में यात्रियों से लूट का ये मामला जिले के अंतर्गत आने वाले राजनगर थाना इलाके के ग्राम पथरया का है। यात्रियों के साथ लूट की ये वारदात उस समय घटी जब बस छतरपुर से सता जिले के लवकुशनगर जा रही थी। इसी बीच प्लेटीना बाइक क्रमांक MP16 ZD 9340 पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने अचानक बस के सामने आकर उसे रुकवाया। फिर बस में घुसकर कट्टे की नोक पर उसे हाईजेक कर लिया। इसके बाद एक बदमाश कट्टा दिखाकर बस चालक समेत यात्रियों को धमकाता रहा, जबकि दूसरे ने बस में सवार यात्रियों से मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात और नगदी लूटना शुरू कर दिए।

### मासूम बच्ची तक से लूटकर ले गए 50 रूपए

लुटेरों की घिनौनी मानसिकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बस में सवार सभी यात्रियों से लाखों की लूट तो की ही। लेकिन, जाते जाते उन्हें बस में मां के साथ यात्रा कर रही महज डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची के हाथ से 50 रूपए तक छीन लिए। यात्रियों ने खुद के साथ हुई लूटपाट को तो किसी तरह बर्दाश्त करते हुए बदमाशों को अपना सारा कीमती सामान सौंप ही दिया था, लेकिन जब बदमाशों ने बच्ची के हाथ से 50 रुपए छीने तो बस में सवार यात्री बिफर पड़े। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। इसपर घबराए बदमाश घटना स्थल पर अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना के बाद बस चालक यात्रियों समेत बस लेकर राजनगर थाने पहुंचा, जबकि बस का कंडक्टर बदमाशों की बाइक लेकर थाने आया। यहां सभी यात्रियों ने उनके साथ हुई लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि घटना के समय बस में मासूम बच्ची समेत करीब 20 यात्री सवार थे। सभी के साथ लूट हुई है। फिलहाल, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# 14 लाख की इनामी नक्सली गिरफ्तार

**बालाघाट ■**

बालाघाट पुलिस ने 14 लाख की इनामी महिला नक्सली एसीएम साजंती पति गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला पर मध्यप्रदेश में नक्सली गतिविधियों के दौरान हत्या, हत्या के प्रयास जैसे 6 गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। इसे तीन राज्यों की पुलिस तलाश कर रही थी। मप्र के अलावा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सरकारों ने भी इसे पकडने. पर इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस ने महिला नक्सली के पास से पिस्टल, मैगजीन, कुल्हाड़ी और अन्य सामान बरामद किए है।

एसपी नगेन्द्रसिंह ने बताया कि 05 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि बैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाटोला के चिचरंगपुर जंगली क्षेत्र में केबी डिवीजन के नक्सलियों का



समूह मौजूद है। इसके बाद हॉक फोर्स के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। इस दौरान दो संदिग्ध दिखाई देने पर हॉक फोर्स की टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकडने. का प्रयास किया। इसमें हार्ड कोर महिला नक्सली साजंती पकड़ी गई। वहीं एक अन्य नक्सली भागने में सफल रहा। हॉक फोर्स की टीम ने महिला नक्सली के पास से पिस्टल, मैगजीन, कुल्हाड़ी और अन्य सामान बरामद किया है।

### नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़

एसपी नगेन्द्र सिंह ने बताया कि हॉक फोर्स की टीम पकड़ी गई जब इस महिला नक्सली को लेकर आ रही थी। इस बीच केबी डिवीजन के अन्य नक्सलियों ने उसे छुड़ाने के लिए फायरिंग की। हॉक फोर्स की टीम ने नक्सलियों का जवाब देते हुए जवाबी फायरिंग की। नक्सलियों की ओर से 30 से 40 राउंड और हॉक फोर्स के जवानों की ओर से 10 से 15 राउंड फायरिंग की गई। जवाबी हमले में खुद को बचाते हुए नक्सली अंधेरा और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार की गई महिला नक्सली साजंती वर्तमान में कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की सदस्य है। वह मूलत महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के कोटमी थाना अंतर्गत कासनसुर चौकी के नैनगुड्डा की रहने वाली है।

# प्रदेश के इंदौर, उज्जैन समेत 10 जिलों में हुई बारिश, भोपाल समेत कई जिलों खिली रही धूप



**भोपाल ■**

मध्य प्रदेश में बारिश का सिस्टम कमजोर होने से भारी बारिश से राहत मिली हुई है। शुक्रवार को प्रदेश के इंदौर उज्जैन समेत 10 जिलों में बारिश दर्ज की गई वहीं राजधानी भोपाल समेत अधिकतर जिलों में दिनभर धूप खिली रही। मंडला में करीब डेढ़ इंच पानी गिर गया। सिवनी और सागर में 1 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। सतना में पौन इंच और धार में आधा इंच पानी गिरा खरगोन, बैतूल, इंदौर, उज्जैन, रतलाम और बालाघाट के मलाजखंड में भी हल्की बारिश हुई। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 10 सितंबर तक तेज बारिश का दौर थमा रहेगा। इसकी वजह किसी स्ट्रॉग्न सिस्टम का एक्टिव नहीं होना है।

### मौसम विभाग का अलर्ट


मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश के श्योपुर, दतिया, मुरैना, भिंड, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, उज्जैन महाकालेश्वर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, शहडोल, उमरिया, में बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। कटनी, बुरहानपुर, निवाड़ी के साथ-साथ भोपाल, सागर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, हरदा, इंदौर, देवास, सीहोर, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, अशोकनगर, विदिशा।उदयगिरी में बिजली के साथ हल्की आंधी और बारिश की संभावना है। रायसेन, टीकमगढ़, छतरपुर खजुराहो, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, अनूपपुर अमरकंटक, सिंगरौली, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, जबलपुर, दमोह, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, खरगोन महेश्वर, पांडुर्ना में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि लोकल सिस्टम की वजह से पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि अभी प्रदेश से एक मानसून ट्रफ लाइन गुजर रही है।

# दिग्विजय बोले- सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी से नीचे हैं मुसलमान, आज भी आबादी के केवल 74% मुस्लिम साक्षर

**भोपाल ■**

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह देश सबका है आज भी आबादी के केवल 74 फीसदी मुस्लिम साक्षर हैं। यह शेड्यूल कास्ट, शेड्यूल ट्राइब से देखेंगे, तो उनके लगभग बराबर हो जाता है, लेकिन सरकारी नौकरियों में रउ और रळ से मुस्लिम बहुत नीचे हैं।

दरअसल भोपाल के रविन्द्र भवन में शुक्रवार को एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स की ओर से 8वीं नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने की। कार्यक्रम में



राजस्थान और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. फुरकान कमर, भोपाल मध्य विधायक आरिफ मसूद, उत्तर विधायक आतिफ अकील, छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी मो.वाजिद अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले देश भर के शिक्षाविदों, डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

### स्कूल में कोई नहीं भेजना चाहता अपने बच्चे

दिग्विजय सिंह ने कहा कि हालात यह हैं कि सरकारी स्कूलों में कोई बच्चे भेजना पसंद नहीं करता। उस समय जब मैं मुख्यमंत्री था, तब बड़ी चुनौती थी कि सरकारी बच्चे मेरिट लिस्ट में नहीं आते थे। हमने कहा कि हर जिले में एक विद्यालय को स्कूल आफ एक्सीलेंस के तौर पर शुरू करेंगे। उसमें कलेक्टर को अध्यक्ष बनाकर डिसेंट्रलाइज कर दिया। कहा कि वहां सबसे बेहतरीन टीचर को पोस्ट करिए। उसमें छात्र-छात्राओं का सिलेक्शन भी उसी हिसाब से होना चाहिए। दो-तीन साल बाद ही कई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में आने लगे। तब से विद्वान कॉन्ट्रैक्ट प्रोफेसर के रूप में काम कर रहे हैं। जुलाई से सत्र चालू हो गया, लेकिन अभी तक नियुक्तियां नहीं हो पाईं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मुस्लिम की बड़ी आबादी इंटेलेक्चुअल हैं, जिनका समाज में कंट्रीब्यूशन भी अच्छा रहा है। उन्हें विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए कि अधिक लोगों को प्रोफेशनल एजुकेशन की तरफ ले जाएं।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि किसी भी देश को तरक्की करना है, तो शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना चाहिए, क्योंकि भविष्य इस पर निर्भर करता है। आज देख रहे हैं कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में पद खाली पड़े हैं। कॉन्ट्रैक्ट पर शिक्षक अपॉइंट किए जा रहे हैं। प्रोफेसर की पोस्ट खाली हैं। अब जो कॉन्ट्रैक्ट पर है, वह क्या पढ़ाएगा? क्या क्वालिटी दे पाएगा? सरकार ने एक्सेस प्रोवाइड कर दिया, लेकिन जब तक उसमें क्वालिटी आफ एजुकेशन नहीं आएगा, तब तक प्रतियोगिता में कहां तक पहुंच पाएगा?

# अस्पताल स्ट्रीट की पहली बार फुटपाथ तोड़कर बन रही सड़क

**भोपाल ■**

रॉयल मार्केट से तीन मोहरे, ताजमहल, शाहजहांनाबाद को जाने वाली मोतिया तालाब के सामने अस्पताल स्ट्रीट की सडक चौड़ी होने के साथ ही पहली बार इसे खोदकर डामरीकरण का काम किया जा रहा है। निमार्णाधीन काम के चलते यहां जाम की स्थिति बन रही है। वर्तमान में अभी मोतिया तालाब साइड के हिस्सा में पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार जेसीबी मशीन से काम कर रहे हैं। बताया गया कि सडक पर सीधे डामर नहीं करते हुए पहले इसे भार कम करते हुए आधा फीट खोदा भी जा रहा है। लोगों का कहना है कि पहली बार इस तरह से इस सडक पर डामरीकरण हो रहा है। इससे सबसे अधिक लाभ तालाब साइड और तीन मोहरे की हाइट को मिलेगा। इस मार्ग से हमीदिया रोड व



इंदौर को जाने वाले भारी वाहन बड़ी संख्या में निकलते है। निरंतर हुए डामरीकरण के कारण तीन मोहरे की हाइट कम हो चुकी है। जिसकी वजह से कई बार भारी वाहन इससे रगड़ते हुए निकलते हैं। कुछ साले पहले भारी वाहनों के टकराने से गेट के पत्थर भी गिर चुका है। जिसे जयपुर के कारीगरों ने छह माह के मशक्कत के बाद लगाया था। एमपी टूरिज्म ने करीब एक दशक पहले मोतिया तालाब के फुटपाथ को विकसित करते हुए रैलिंग लगाई थी। तालाब के दूसरे साइड पर लाइन से अस्पताल खुलने से लोगों ने फुटपाथ को स्थायी पार्किंग के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया था।

# बांसी गांव में मुक्तिधाम पर दबंगों का कब्जा, बो दी मक्का की फसल

**दमोह ■**

अभी तक सुना था की लोग की राजस्व या वन विभाग की जमीन पर ही कब्जा करते हैं, लेकिन बांसी गांव में दबंगों ने मुक्तिधाम पर ही कब्जा कर डाला। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक अंतर्गत आने वाले बांसी गांव में दबंगों ने मुक्तिधाम पर ही कब्जा कर लिया और वहां मक्का की फसल बो दी। इस मामले का खुलासा तीन दिन पहले हुआ जब एक वृद्ध महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दूसरे गांव के लोग पहुंचे और वहां फसल को बुआई देखकर हैरान हो गए और अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। यहां बोई गई फसल तीन से चार फुट ऊंची हो गई है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों ने कोई आपत्ति नहीं ली और न उस अतिक्रमण हो हटवाया। हद तो तब हो गई की जब अधिकारियों को भी मामले की सूचना नहीं दी।

### यह है पूरा मामला

मामला तेंदूखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत बांसी का है। यहां पर पंचायत द्वारा के अंतिम संस्कार के लिए



मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया था। इसमें गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया और फसल की बुआई कर दी। सबसे हैरानी की बात ये है कि पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक किसी ने आपत्ति नहीं ली। मक्का की फसल तीन फिट ऊंची हो गई। यहां तीन दिन पहले बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार परेशानियों के बीच किया गया। दूसरे गांव के जो ग्रामीण अंतिम संस्कार में पहुंचे थे। वह भी यहां कब्जा देखकर हैरान हो गए।

ग्रामीणों ने बताया प्यारी बाई अहिरवार का 111 साल की आयु में बुधवार को निधन हो गया था। शव लेकर अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम पहुंचे तो वहां बड़ी-बड़ी मक्का लगी हुई थी। अंतिम संस्कार के लिए भी कोई स्थान नहीं था। बाद में काफी समस्याओं के बाद अतिम संस्कार किया गया। दूसरे गांव से पहुंचे लोगों ने बताया की अंतिम संस्कार के दौरान शव रखने के लिए भी जगह नहीं मिली। अंतिम संस्कार में शामिल लोग पूरे समय खड़े रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मुक्तिधाम में अतिक्रमण करने बाले दबंग हैं।

### क्या बोले सचिव ओर सीईओ

मुक्तिधाम में बोई मक्का की फसल को लेकर पंचायत के सचिव निशार खान ने बताया कि उजयार लोधी द्वारा अबैध कब्जा किया गया है। कई बार उनको मौखिक रूप से मना किया गया, लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहा की मुझे मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। पंचायत से अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। सचिव को नोटिस काटकर जवाब मांगता हूं और तेंदूखेड़ा तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के लिए पत्राचार किया जा रहा है।

# कोतवाली पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश, 6 आरोपी गिरफ्तार, 8 बाइक जब्त




**अनूपपुर ■**

कोतवाली पुलिस ने मोटर साइकिल चोर गिराह का पदार्फाश करते हुए 8 चोरी की मोटर साइकिल जब्त करते हुए इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन वाहनों को सस्ते दामों में आरोपी के द्वारा विक्रय कर दिया गया था, जिनके कब्जे से इन वाहनों को जब्त किया गया है। चोर गिरोह के सरगना राकेश कुमार पनिका पिता तुलसी पनिका उम्र 43 साल निवासी भोगड़ाटोला, देवरी धनगवां थाना बुढार जिला शहडोल को रेलवे स्टेशन अनूपपुर के पास संदिग्ध हालत में मोटर साइकिल चोरी के फिराक में घूमते पकड़ते हुए पूछताछ करने पर 08 मोटर साइकिल अनूपपुर से चोरी कर शहडोल के विभिन्न लोगो को सस्ते दामों में विक्रय करने की बात स्वीकार की।

8 जुलाई 2024 को आकाश कुमार कोल पिता श्यामलाल कोल उम्र 24 साल निवासी ग्राम छुलहा के वाहन एम.पी. 18 एम. क्यू 4529 को बसन्तू उर्फ सतेन्द्र दाहिया पिता जगदीश दाहिया उम्र 37 वर्ष निवासी धनपुरी थाना धनपुरी जिला शहडोल से जप्त की गई। 14 जून 2024 को प्रभा लकड़ा पति स्व. अबनेजर तिग्गा उम्र 39 साल निवासी ग्राम ताराडांड़ की एम.पी. 65 एम.सी. 9547 वाहन को लाला वर्मन पिता रामप्रसाद वर्मन उम्र 40 वर्ष निवासी बुढार जिला शहडोल से जप्त किया गया। राजकुमार केवट पिता मोहन केवट उम्र 19 वर्ष पाईन्टस मैन जैतहरी रेल्वे स्टेशन की एम.पी.65एम सी 7742 शिवकुमार साहू पिता बिसाहू साहू उम्र 55 वर्ष निवासी अमलाई से जब्त किया गया। दिनेश सिंह राठौर पिता हेमसाय राठौर उम्र 32 वर्ष निवासी क्योंटार जैतहरी की मोटर साइकिल एम.पी. 65 एम सी 6683 को काशीराम सिंह पिता गोरेलाल सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी हरद थाना भालूमाड़ा से जब्त किया गया। इसके साथ ही सरगना राकेश कुमार पनिका द्वारा चोरी की गई मोटर साइकिल, जिसका इंजन नम्बर एवं चेचिस नम्बर मिटा दिया गया है उसको राकेश चौधरी पिता श्यामलाल चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी बुढार से जब्त किया गया।

**ALFAVISION OVERSEAS (INDIA) LIMITED**
CIN - L67120MP1994PLC008375
*Regd. Office: 135, Old Gauri Nagar, Indore – 452010, Madhya-Pradesh, India*
*Website:www.alfavisionoverseasindia.com, E-mail: alfavision@alfavalley.in*

**NOTICE OF THE ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING**

**NOTICE** is hereby given that the Annual General Meeting of **ALFAVISION OVERSEAS (INDIA) LIMITED** will be held on Monday, **30th day of September, 2024** at **04.00 P.M** at 1-A, Press Complex, A.B. Road, Indore – 452001 (M.P.) to transact the businesses, as set out in the notice of AGM dated 05th September, 2024.

The Company has electronically sent the Notice of the AGM along with Explanatory statement on 06th September, 2024 to all the members who have registered their e-mail addresses with the Company/ Depositories/Depository Participants / Registrar and Transfer Agents. The Notice of the AGM are also available on the Company's website at www.alfavisionoverseasindia.com and on the website of Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com on the website of Central Depository Services Limited (CDSL) at https://www.evotingindia.com .

The documents referred to in the Notice of AGM are available for inspection by the Members of the Company as per the provisions of the Companies Act, 2013. Members seeking to inspect such documents can send an e-mail to alfavision@alfavalley.in

Members holding their shares either in physical form or in dematerialized form, as on the **cut-off date of Monday, 23th of September, 2024** may cast their vote electronically on the resolutions as set out in the notice of AGM through remote e-voting and voting.

**The remote e-voting shall commence on 27TH September, 2024 (Friday) from 9:00 A.M. (IST) and ends on 29th September, 2024 (Sunday) at 5:00 P.M. (IST).** After the said period the portal shall forthwith be blocked and shall not be available for remote e-voting.

Members may note that only persons whose names appear in the Register of Members or the list of beneficial owners furnished by the National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL) as on the aforesaid cut-off date i.e. **Monday, September 23rd , 2024** shall be entitled to vote on the resolutions as set out in the Notice. Once the vote on a resolution is cast by a member, he/she shall not be allowed to change the same subsequently. The Members who have cast their votes through remote e-voting may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.

Members who have not registered their Email Ids and who continue holding shares as on the cut-off date i.e. Monday, September 23, 2024 can obtain / generate the User Id and password as per the instructions provided in the Notice of the AGM. A person already registered with CDSL for e-voting can use his/ her existing User ID and password for casting the vote.

If you have any queries or issues regarding e-Voting from the CDSL e-Voting System, you can write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at toll free no. 1800 22 55 33

**For, Alfavision Overseas (India) Limited.**

**Place: Indore**
**Date: 06.09.2024**

**Sd/-**
**Devi Dayal**
**Company Secretary &**
**Compliance Officer**

**न्यायालय– नायब तहसीलदार, वृत्त–बाग, तह0 कुक्षी, जिला– खरगोन (म.प्र.)**

पत्र कमांक– 425 /रीडर/2024 बाग, दिनांक 02/07/2024

**// लोक सूचना //**

**एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम – घटबोरी, प.ह.नं.– 23, तहसील– कुक्षी जिला धार (म.प्र.) की निम्नवर्णित सूची में उल्लेखित भूमि का उपयोग नर्मदा – झाबुआ – पेटलावद – थांदला – सरदारपुर माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के पम्प हाऊस कमांक– 3 (ग्राम–कांटी, तह0 कुक्षी) से पम्प हाऊस कमांक– 2 (ग्राम–खण्डलाई, तह0 कुक्षी) तक तक अतिरिक्त उच्च दाब 132 के. व्ही. पारेषण लाईन बिछाने के लिए विद्युत टावर की स्थापना हेतु किया जाना है ।**

| स0क0 | प्रभावित खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | प्रभावित रकबा हेक्टेयर में | भूमि की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वालीबाई पिता मोहनसिंह जाति भिलाला पता धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 512/1 | 0.0082 | सिंचित |
| 02 | रामसिग पिता कन्या जाति भील पता धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 511/2 | 0.0082 | सिंचित |
| 03 | बालकिसन पिता केकडिया बलु पिता केकडिया सखरसिग पिता केकडिया केशरबाई पिता केकडिया गन्या पिता मंगल्या रामसिग पिता मंगल्या जाति भील पता घटबोरी कुक्षी धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 531 | 0.0104 | सिंचित |
| 04 | हिरु पिता नाथू जाति भील पता धार मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 543/12 | 0.0203 | सिंचित |
| 05 | मगलसिग पिता सेकडिया जाति भील पता घटबोरी कुक्षी धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 543/5 | 0.0102 | सिंचित |
| 06 | भीमसिग पिता झेतुसिग जाति भीलाला पता घटबोरी कुक्षी धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 546/3 | 0.0064 | सिंचित |
| 07 | रामसिह पिता झेतुसिह जाति भीलाला पता घटबोरी कुक्षी धार मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 546/2 | 0.0064 | सिंचित |

**अतः उपरोक्त उल्लेखित भूमि की विशिष्टीयों से संबंधित सभी हितों की प्रकृति के लिए दावें / आपत्तियों यदि कोई हो तो, दिनांक 27 /09 /2024 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर, इस न्यायालय में पेश करें ।**

नायब तहसीलदार
वृत्त–बाग तह0 कुक्षी (धार)

G-15877/24

■ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।
■ देर से घर आए लेकिन दुरुस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।